**परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था**

**Atomic Energy Education Society**

**आवधिक परीक्षा/Periodic test 1 (2025-26)**

**विद्यालय/School:______________________ केंद्र/Centre:____________________**
**कक्षा/Class :___________ विषय/Subject:_____________अधिकतम अंक/Maximum Marks : 40**
**दिया गया पाठ्यक्रम/Portion Covered:____________________________________**

**विद्यार्थी का नाम/Name of the Student:_______________________________________________**
**अनुक्रमांक/रोल No. _____________ कक्षा/अनुभाग class/sec:__________ दिनांक/date:___________**

---

- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- इस प्रश्न- पत्र में चार खंड हैं : क, ख, ग, और घ।
- सभी प्रश्नों के उत्तर यथा संभव क्रम से निर्देशानुसार लिखिए।
- लिखावट साफ सुथरी और स्पष्ट हो।

---

**(खंड - क ) अपठित बोध**

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। [1x5=5 ]**

शिक्षा का मनुष्य जीवन में विशेष महत्त्व है। शिक्षा मनुष्य का बौद्धिक विकास और विवेकशीलता प्रदान करती है। शिक्षा, मनुष्य को बुद्धि और शरीर का सही और संतुलित प्रयोग करना सिखाती है। शिक्षा मानवीय मूल्यों से अवगत करवाती है। यदि कोई मनुष्य पढ़ा लिखा हो लेकिन मानवीय मूल्यों को न समझें तो वह शिक्षा निरर्थक है क्योंकि केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना ही शिक्षा प्राप्ति नहीं है जब तक व्यावहारिक रूप से सक्षम न हो तो शिक्षा प्राप्त करना ही व्यर्थ है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है कि मनुष्य अपने उत्तरदायित्व को समझ सकें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों। वर्तमान में गुरु शिष्य संबंध व्यावसायिक होते जा रहे हैं जो कि पूर्णतः गलत है। शिक्षा का क्षेत्र निस्वार्थ होना चाहिए। गुरु व शिष्य के संबंध आत्मीय भाव से जुड़े होने चाहिए तभी सच्चे अर्थों में शिक्षा प्राप्त की जा सकती है।

**प्रश्न 1: शिक्षा का मनुष्य जीवन में क्या महत्त्व है?**

(क) केवल नौकरी पाने का साधन
(ख) बौद्धिक विकास और विवेकशीलता प्रदान करना
(ग) धन कमाने का तरीका
(घ) विदेश जाने का साधन

**प्रश्न 2: किस स्थिति में शिक्षा को निरर्थक माना जाता है?**

(क) जब व्यक्ति विदेशी भाषा न जाने
(ख) जब व्यक्ति खेलों में रुचि न रखे
(ग) जब व्यक्ति केवल पुस्तकीय ज्ञान रखे लेकिन मानवीय मूल्यों को न समझे
(घ) जब व्यक्ति स्कूल न जाए

**प्रश्न 3: शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य क्या है?**

(क) प्रतियोगिता जीतना
(ख) दूसरों से आगे निकलना
(ग) उत्तरदायित्व समझना और अधिकारों के प्रति जागरूक होना
(घ) डिग्री प्राप्त करना

**प्रश्न 4: गुरु-शिष्य संबंध कैसे होने चाहिए?**

(क) व्यावसायिक (ख) औपचारिक

(ग) आत्मीय और निस्वार्थ (घ) अनुशासनहीन

**प्रश्न 5: उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?**

(क) पुस्तकीय ज्ञान (ख) गुरु की भूमिका

(ग) शिक्षा और डिग्री (घ) शिक्षा का उद्देश्य और महत्त्व

**प्रश्न 2:दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। [1x5=5 ]**

धरती का श्रृंगार पेड़ है
जीवन का आधार पेड़ हैं।
पर्यावरण की रक्षा करते
जग को वर्षा जल से भरते।
सर्दी, ओले, धूप, को सहते
फिर भी मुख से कुछ न कहते।
सभी पेड़ हैं मित्र हमारे
हर उत्सव है उनके सहारे।
जो जन पेड़ लगाते हैं
सुख और वैभव पाते हैं।
बड़े अनोखे हैं, ये पेड़
लुप्त हो रहे सुंदर पेड़।

**1. धरती का श्रृंगार है-**

(क) नदियों से (ख) समुद्रों से (ग) सुंदर भवनों से (घ) पेड़ों से

**2. 'पर्यावरण' की सुरक्षा कौन करता है?**

(क) पेड़ (ख) जीव-जंतु (ग) बादल (घ) इनमें से कोई नहीं

**3. सुख-वैभव कौन पाता है?**

(क) जो सुंदर भवन बनाता है। (ख) जो जीवन की सारी सुविधाएँ जुटाता है।

(ग) जो पेड़ लगाता है। (घ) जो पर्यावरण की रक्षा करता है।

**4. पेड़ों को किस रूप में दर्शाया गया है?**

(क) रक्षक (ख) भाई-बंधु (ग) मित्र (घ) उपर्युक्त सभी

**5. सुलभ जीवन हेतु क्या आवश्यक है?**

(क) शुद्ध पर्यावरण (ख) पेड़- पौधे (ग) वर्षा जल (घ) उपर्युक्त सभी

## (खंड - ख) व्याकरण बोध

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- [1x6=6 ]**

**1. आँख का पर्यायवाची शब्द है -**

क) नयन ख) शयन ग) चयन घ) भवन

**2. 'आंसू' का समानार्थी शब्द है -**

क) आंख ख) अ ग) नीर घ) पानी

**3. ' गिरीधर' शब्द का अर्थ है-**

क) गिरी को पकड़ने वाला ख) गिरी को धारण करने वाला

ग) गिरी को तोड़ने वाला घ) गिरी पर घूमने वाला

**4. 'अमीर और गरीब' को योजक की सहायता से लिखिए-**

क) अमीर या गरीब ख) अमीर/गरीब

ग) अमीर =गरीब घ) अमीर- गरीब

**5. जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं उन्हें कहते हैं-**

क) क्रिया　　ख) उपसर्ग　　ग) विशेषण　　घ) संज्ञा

**6. 'शिक्षक ने पाठ पढ़ाया ' वाक्य में 'ने' कारक है-**

क) कर्ता कारक　　ख) कर्म कारक

ग) सम्प्रदान कारक　　घ) अधिकरण कारक

## (खंड - ग) पठित बोध

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में दीजिए।** **[2x5=10]**

1.कहाँ-कहाँ छटा छहर रही हैं? किसका पानी लहर रहा है?

2. कविता में आकाश और बादलों को किन के समान बताया गया है?

3. पवन किसका तन-मन सँवारती है? वह यह कैसे करती है?

4. किन बातों से ऐसा लगता है कि ध्यानचंद स्वयं से पहले दूसरों को रखते थे?

5. आपको कौन-से खेल और कौन-से खिलाड़ी सबसे अधिक अच्छे लगते हैं? क्यों?

6. बारिश की पहली बूंद से धरती का हर्ष कैसे प्रकट होता है?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर विस्तार में दीजिए।** **[2x2=4]**

1. आप भारत के किस स्थान पर रहते हैं। वह स्थान आपको कैसा लगता है? उस स्थान की विशेषताएँ बताइए।
2. ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य था ?
3. आपको कौन सी ऋतु सबसे अधिक प्रिय है और क्यों? बताइए।

## (खंड -घ) रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।** **(5)**

मित्र को अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए पत्र लिखिए

अथवा

प्रधानाचार्य को शुल्क मुक्ति के लिए पत्र लिखिए

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 - 200 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **(5)**

समय का सदुपयोग

अथवा

वर्षा ऋतु

**********